# अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह, मुरैना, म.प्र.

## प्रवेश उत्सव 2023 प्रतिवेदन

महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय प्रवेश उत्सव का आयोजन दिनांक 9 एवं 10 अगस्त 2023 को किया गया। प्रवेश उत्सव के सफल क्रियान्वयन के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्त कक्षाओं के नव प्रवेशित विद्यार्थियों को 17 समूह में विभाजित कर 17 मैंनटरों की नियुक्ति कर प्रवेश उत्सव के लिए निर्धारित गतिविधियों के लिए 17 कक्षों का आवंटन किया गया। प्रवेश उत्सव के लिए नियुक्त Mentor का विवरण निम्न प्रकार है :-

मैंटर सूची

| क्रम संख्या | नाम मैंटर | कक्षा | कक्ष क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती आरती गुर्जर | बी.ए. प्रथम | लैक्चर थियेटर |
| 2 | डॉ. कौशलैन्द्र उपाध्याय | बी.ए. प्रथम | इलैक्ट्रोनिक्स |
| 3 | श्री कल्यान सिंह भदौरिया | बी.ए. प्रथम | ऑडियो विजुअल |
| 4 | डॉ. अभिलाषा श्रीवास्तव | बी.ए. प्रथम | रसायन लैव |
| 5 | डॉ. रक्षा कम्ठान | बी.ए. प्रथम | कक्ष क्रमांक 02 |
| 6 | श्री राधा मोहन गुप्ता | बी. कॉम प्रथम | वाणिज्य विभाग |
| 7 | डॉ. दिवाकर श्रोत्रिय | बी.एससी. गणित | कक्ष क्रमांक 17 |
| 8 | डॉ. रमाकान्त | बी.एससी गणित | कक्ष क्रमांक 18 |
| 9 | कु. नेहा तोमर | बी.एससी. वायो. | वनस्पति विभाग |
| 10 | श्री मुकेश श्रीवास | बी.एससी. वायो. | कक्ष क्रमांक 20 |
| 11 | श्री शमीम अहमद गौरी | पी.जी.डी.सी.ए. | कम्प्यूटर विभाग |
| 12 | डॉ. मनोज कुमार शर्मा | एम.ए. अर्थशास्त्र | कक्ष क्रमांक 1 |
| 13 | डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल | एम.ए. हिन्दी | हिन्दी विभाग |
| 14 | डॉ. रामकिशोर उपाध्याय | एम.एससी. रसायन | रसायन विभाग |
| 15 | श्री राजवीर शर्मा | एम.एससी. गणित | गणित विभाग |
| 16 | श्री जितेन्द्र कुमार किरार | एम.एससी जन्तु विज्ञान | जन्तु विज्ञान विभाग |
| 17 | श्री राजकुमार सिंह तोमर | एम.ए. भूगोल | भूगोल विभाग |

प्रवेश उत्सव के लिए जो गतिविधियां निर्धारित की गई वे निम्न प्रकार हैं:-

## प्रवेशोत्सव 2023-24

## कार्यक्रम विवरण

1. उदघाटन सत्र 10:30 से 11 : 30 बजे
2. भोजन अवकाश 1:00 से 2:00 बजे

| 10:30 से 1:00 प्रथम दिवस<br>10:00 से 1: 00 द्वितीय दिवस | 2:00 से 4:00<br>2: 00 से 4:00 |
|---|---|
| उदघाटन समारोह | राष्ट्रीय शिक्षा नीति मार्ग दर्शन |
| संस्थागत परिचय | सृजनात्मक कला एवं संस्कृति |
| विभागीय परिचय | साहित्यिक कार्यक्रम |
| समूह का आपसी परिचय | मानवीय मूल्यों पर चर्चा |
| जीवन अनुभव और प्रेरणा | महाविद्यालय में अन्य कार्यकलाप |
| छात्रों तथा परिवार की आकांक्षाएं | खेल कूद |
| सार्वभौमिक जीवन मूल्य मार्गदर्शन | प्रवेश अनुभव पर चर्चा |
| प्रख्यात लोगों द्वारा मार्गदर्शन | योगा परिचर्चा एवं अभ्यास |
| जीवन लक्ष्यों का निर्धारण | स्थानीय क्षेत्र का दौरा |

प्रवेश उत्सव का प्रारम्भ दिनांक 9 अगस्त 2023 को उदधाटन समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष मान. डॉ. उमाशंकर पचौरी जी उपस्थित रहे। उदधाटन सत्र के पश्चात द्वितीय सत्र में शेष निर्धारित गतिविधियां संचालित की गयीं।

प्रवेश उत्सव में द्वितीय दिवस प्रथम सत्र की गतिविधियां प्रात: 10:00 बजे से प्रारम्भ की गयीं। इस सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री विश्वास मेंढ़ेकर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा इस प्रणाली में अपनाई गयी परीक्षा प्रणली के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में रा.से.यों.के जिला संगठक डॉ. शशिवल्लभ शर्मा तथा मेजर डॉ. ब्ही.के. जैन द्वारा द्वारा भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इस दिन द्वितीय सत्र में देशी खेल-कूद तथा महाविद्यालय भ्रमण की गतिविधियों को सम्पन्न कराया गया। अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में समापन सत्र का आयोजन किया गया। समापन सत्र में विद्यार्थियों ने अपना अनुभव व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का अपने जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। इस कार्यक्रम में लगभग 175 विद्यार्थियों ने भागीदारी कर कार्यक्रम का लाभ उठाया। कार्यक्रम का आयोजन मान. प्राचार्य महोदय के निर्देश पर आईक्यूएसी के तत्वाधान में डॉ. कमल भारद्वाज के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों के सहयोग से आयोजित किया गया।

दिनांक 11/8/2023 | डॉ. कमल भारद्वाज

प्रभारी प्रवेश उत्सव

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम समाचार पत्रों की नजर में



दैनिक भास्कर मुरैना 10-08-2023

## संकल्प से ही शिक्षा होती है फलीभूत: डॉ. पचौरी

भास्कर संवाददाता | अंबाह

अध्ययन के दौरान विद्यार्थी के सम्मुख अनेक विकल्प प्रलोभन लिए खड़े होते हैं। नित नए आकर्षण होते हैं। मानव का स्वभाव है कि वह हमेशा अनैतिक के प्रति आकर्षित होता है। यह उद्बोधन पीजी कॉलेज अंबाह सभागार में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन समिति मध्य प्रदेश के सदस्य डॉ. उमाशंकर पचौरी विद्यार्थियों को दे रहे थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विश्वास मेढेकर ने डॉ. पचौरी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## संकल्प से ही शिक्षा होती है फलीभूत - डॉ. उमाशंकर पचौरी

दैनिक अम्बरीष नगरी



अम्बाह । विद्या अध्ययन के दौरान विद्यार्थी के सम्मुख अनेक विकल्प प्रलोभन लिए खड़े होते हैं। नित नए आकर्षण होते हैं। मानव - मन का स्वभाव है कि वह हमेशा गलत विचार के साथ गलत कृत्य कराने के लिए विवश करता है, पक्ष में तर्क देता है। मन के अधीन रहने वाला युवा विवेक का प्रयोग नहीं करता और परिणाम विद्यार्थी शिक्षा से भटक जाता है। उससे न केवल उस विद्यार्थी का पतन होता है, समाज और देश की बड़ी क्षति होती है। इसलिए विद्यार्थी को अपनी शिक्षा के लिए सदैव संकल्पित रहना ही चाहिए, जिनके संकल्प मजबूत होते हैं वही जीवन में सफल होते हैं। एक श्रेष्ठ विद्यार्थी का सफल होना राष्ट्र की प्रगति का आधार है।। यह उद्बोधन पीजी कॉलेज अम्बाह सभागार में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन समिति मध्य प्रदेश के सदस्य डॉ.उमाशंकर पचौरी विद्यार्थियों को दे रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विश्वास मेढेकर ने डॉ पचौरी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. कमल भारद्वाज ने बताया कि उद्घाटन सत्र के बाद विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राध्यापक मेंटर के साथ खेल कूद गतिविधि करवाई गई। इस अवसर आप आइक्यूएसी समन्वयक डॉ. व्ही के जैन, चीफ प्रॉक्टर मनोज कुमार शर्मा सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।



# संकल्प से ही शिक्षा होती है फलीभूत - डॉ. उमाशंकर पचौरी

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह - विद्या अध्ययन के दौरान विद्यार्थी के सम्मुख अनेक विकल्प प्रलोभन लिए खड़े होते हैं। नित नए आकर्षण होते हैं। मानव - मन का स्वभाव है कि वह हमेशा गलत विचार के साथ गलत कृत्य कराने के लिए विवश करता है, पक्ष में तर्क देता है। मन के अधीन रहने वाला युवा विवेक का प्रयोग नहीं करता और परिणाम विद्यार्थी शिक्षा से भटक जाता है। उससे न केवल उस विद्यार्थी का पतन होता है, समाज और देश की बड़ी क्षति होती है। इसलिए विद्यार्थी को अपनी शिक्षा के लिए सदैव संकल्पित रहना ही चाहिए, जिनके संकल्प मजबूत होते हैं वही जीवन में सफल होते हैं। एक श्रेष्ठ विद्यार्थी का सफल होना राष्ट्र की प्रगति का आधार है।। यह उद्बोधन पीजी कॉलेज अम्बाह सभागार में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन समिति मध्य प्रदेश के सदस्य डॉ.उमाशंकर पचौरी विद्यार्थियों को दे रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विश्वास मेढेकर ने डॉ पचौरी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. कमल भारद्वाज ने बताया कि उद्घाटन सत्र के बाद विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राध्यापक मेंटर के साथ खेल कूद गतिविधि करवाई गई। इस अवसर आप आइक्यूएसी समन्वयक डॉ. व्ही के जैन, चीफ प्रॉक्टर मनोज कुमार शर्मा सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

पत्रिका

ब्रीफ न्यूज

### पीजी कॉलेज में प्रवेश उत्सव

# संकल्प से ही शिक्षा होती है फलीभूत: डॉ. पचौरी




**अंबाह@पत्रिका.** विद्या अध्ययन के दौरान छात्रों के सामने अनेक विकल्प प्रलोभन लिए खड़े होते हैं। मानव मन का स्वभाव है कि वह हमेशा गलत विचार के साथ गलत कृत्य कराने के लिए विवश करता है। परिणाम स्वरूप वह शिक्षा से भटक जाता है। संकल्प से ही शिक्षा फलीभूत होती है। यह बात पीजी कॉलेज अंबाह सभागार में नव प्रवेशित छात्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रवेश उत्सव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन समिति सदस्य डॉ. उमाशंकर पचौरी ने कही। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. विश्वास मेढेकर, आइक्यूएसी समन्वयक डॉ. व्हीके जैन, चीफ प्रॉक्टर मनोज कुमार शर्मा मौजूद थे।

Date: 11/08/2023, Edition: Morena, Page: 18
Source : https://epaper.patrika.com/